कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ

संख्या:एम0ई0–2/2019/782 लखनऊ दिनॉक 28 फरवरी, 2019

:::विज्ञप्ति:::

सेन्टर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च, लखनऊ के निदेशक पद पर चयन हेतु निम्नलिखित योग्यता एवं अनुभव रखने वाले भारत के नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

सेन्टर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च, लखनऊ के नियम–16.4.1 में निदेशक के कार्यकाल एवं अधिवर्षता आयु के सम्बन्ध में निम्नलिखित व्यवस्था है :–

निदेशक पद पर नियुक्ति हेतु केवल ऐसा व्यक्ति अर्ह होगा जिसनें 62 वर्ष की आयु प्राप्त न की हो तथा कार्यभार ग्रहण करनें की तिथि से 05 वर्षों की अवधि के लिये अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, पदधारण करेगा।

शैक्षिक अर्हता:– निदेशक के पद की अर्हता के संबंध में सेन्टर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च, लखनऊ के बॉयलॉज के प्रस्तर–4(2) में निम्नलिखित व्यवस्था है :–

"The Director shall be an eminent person with a Ph.D Degree in Chemistry/Bio Chemistry/Physics/Bio-Physics from a recognized university or institute and having at least 25 Years of teaching/research work experience in a reputed national/international university or institute."

वेतनमान :– निदेशक संस्थान का पद नियत वेतनमान 7वें वेतनमान के अनुसार लेवल–17, ग्रेड वेतन रू0 2,25,000/– निर्धारित है।

निदेशक के पद पर चयन हेतु विज्ञापन के कम में आवेदन प्राप्त करनें की अन्तिम तिथि अर्थात **दिनॉक 25.03.2019** को आवेदक की आयु 62 वर्ष से कम होनी चाहिए।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छाया प्रतियों सहित विलम्बतम **दिनॉक 25.03.2019 सायं 5:00 बजे तक कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0 प्र0, जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ के पते पर केवल पंजीकृत /स्पीड पोस्ट** द्वारा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

महानिदेशक